तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 1 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 बेमेतरा जिले से चार नवाचारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ...



13 रानी अहिल्याबाई की जयंती पर विशेष...



## ग्रामीण क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे का सुरक्षित निपटान बना आय का साधन

### ग्राम राखी में स्वच्छता दीदी कर रही हैं पुनर्चक्रण योग्य कचरे का व्यवसायिक उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत बेमेतरा जिले में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन की दिशा में अभिनव पहल प्रारंभ की गई है। जिले के साजा ब्लॉक के ग्राम राखी में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट आज न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही है, बल्कि स्वच्छता दीदी के लिए आय का सशक्त माध्यम भी बन चुकी है। इस यूनिट में ब्लॉक के आसपास के ग्रामों से प्लास्टिक कचरे का संग्रहण किया जा रहा है, जिसे गांवों में कार्यरत स्वच्छता दीदी स्वयं एकत्र कर रही हैं। ये दीदी न केवल अपने गांव को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, बल्कि इस कार्य के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता भी हासिल कर रही हैं।

ग्राम राखी स्थित यूनिट में कार्यरत माँ जय लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाएं इस एकत्र कचरे की छंटाई करती हैं। इसके बाद यूनिट में स्थापित आधुनिक बेलिंग मशीन के माध्यम से प्लास्टिक कचरे को बंडल कर पुनर्चक्रण कंपनियों को बेचा जाता है। यह प्रक्रिया कचरे के सुरक्षित निपटान के साथ-साथ राजस्व सृजन का भी एक प्रभावी मॉडल बन गई है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की ग्राम स्तर पर प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन की यह व्यवस्था स्वच्छता और सतत विकास दोनों लक्ष्यों की पूर्ति कर रही है।



#### स्वच्छता दीदी साफ-सफाई में निभा रही अहम भूमिका

इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को एक नई आर्थिक दिशा भी मिल रही है। जिला पंचायत सीईओ श्री टेकचंद अग्रवाल ने बताया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में इस प्रकार की एक-एक प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना की जा चुकी है। सभी यूनिट्स में प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और यह कार्य लगातार विस्तार की ओर अग्रसर है। स्वच्छता दीदी न केवल गांवों की साफ-सफाई में अहम भूमिका निभा रही हैं, बल्कि अपने श्रम से अतिरिक्त आय अर्जित कर परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सशक्त बना रही हैं। इससे "स्वच्छता से स्वावलंबन" की दिशा में जिले ने एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। यह पहल ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता, पर्यावरण जागरूकता और महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण बनकर उभर रही है, जिसे अन्य जिलों में भी /"बेमेतरा मॉडल/" के रूप में अपनाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर दिलाई शपथ, पंपलेट बांटे

**बेमेतरा।** जिला अस्पताल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ, मरीजों के परिजन और आम नागरिकों को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत ध्रुव के निर्देश और सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में तंबाकू के दुष्प्रभाव, कोटपा एक्ट 2003 और ई-सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 की जानकारी दी गई। सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने कहा कि तंबाकू सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। लोगों को इससे बचने और वैकल्पिक रोजगार की जानकारी देने की जरूरत है। दंत चिकित्सक डॉ. विजया रमन ने बताया कि तंबाकू युक्त उत्पादों का सेवन मुख कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। काउंसलर गोविंद और पुराणिक नायक ने अस्पताल आए तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया। साथ ही तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए पंपलेट भी बांटे गए।

### शादीशुदा युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**देवकर।** नगर पंचायत देवकर के वार्ड नंबर 10 डीहपारा लोकबंधी तालाब के पास स्थित सुने घर में सागर साहू वल्द मोहन साहू उम्र 27 वर्ष ने सुबह तकरीबन 8.30 से 9 बजे के बीच नायलोन की रस्सी से



फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर के सभी सदस्य खेत में काम करने गए थे। खेत से वापस घर आने पर लोमहर्षक घटना की जानकारी परिजनों को मिली , घटना के बाद परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है घटना के बारे में कुछ भी बता पाने की स्थिति में नही है। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल में पहुंच कर शव को फांसी के फंदे से उतारकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा भेजा गया। मृतक युवक की चार साल पहले ही शादी हुई थी बाल बच्चे नही हुए है।

### तेंदूभाटा में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के लिए भूमि पूजन

**साजा।** ग्राम पंचायत तेंदू भाटा में यात्री प्रतीक्षालय का भूमि पूजन किया गया। 10 लाख की लागत से बनने वाले यात्री प्रतीक्षालय का भूमि पूजन जनपद सदस्य श्रीमती वंदना साहू सरपंच पुरुषोत्तम शर्मा समिति अध्यक्ष त्रिलोकी साहू ने किया कार्यक्रम में उपसरपंच शेखर साहू पंच राजेश शर्मा ईश्वरी साहू दशरथ साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विरोध : कांग्रेस ने कहा-भाजपा सरकार डॉ आंबेडकर के बनाए संविधान से कर रही है छेड़छाड़

## संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस ने भरी हुंकार भाजपा का आचरण लोकतंत्र की मर्यादा नहीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार,विधायक देवेंद्र यादव सहित कई नेता हुए शामिल

जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार जिला मुख्यालय स्थित राम मंदिर परिसर के गांधी मैदान में संविधान बचाओ सभा का आयोजन किया ।इसके पूर्व कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ता शहर के भारत माता चौक पर एकत्रित हुए जहां से संविधान रैली की शक्ल में शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए गांधी मैदान स्थित सभा स्थल पहुंचे। रैली में जिले भर से आए हुए कांग्रेसियों कार्यकर्ताओं की संख्या ओर भीड़ देखकर कांग्रेस नेताओं के जोश में इजाफा हो गया ,इसी बहाने कांग्रेस ने आने वाले समय के लिए अपने हुंकार भी रैली के माध्यम से भर दी।

रैली को छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ सहित पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार,विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व संसदीय सचिव गुरदयाल सिंह बंजारे ने संबोधित किया । इस दौरान सभा की शुरुवात करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि सबसे पहले तो मैं आज संविधान बचाओ रैली पर आपको यह बताना चाहता हूं कि यह रैली हम क्यों कर रहे हैं ऐसा नहीं है कि भाजपा वाले संविधान को फाड़ रहे हैं बल्कि भाजपा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान जो हम सबको स्वतंत्रता के ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### हिंदू-मुस्लिम की भावना आहात

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार,विधायक देवेंद्र यादव ने केंद्र ओर राज्य सरकार पर जमकर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा चुनाव जीतने ओर गद्दी हासिल करने सारे हद तक जा रही है। संविधान के विपरीत कार्य करते हुए देश भर में नफरत के बीज बोने के कार्य में जुटी है। देश में हिंदू मुस्लिम एक दूसरे को शक की नजर से देख रहा है आज संविधान खतरे में है । कांग्रेस नेताओं ने कहा हर वह चीज जो भारत वासियों को स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीने की आजादी देता है, लोगों को न्याय देता है ,भाजपा की आंखों में खटकता है भाजपा यह चाहती हैं कि लोग उनके इशारे में सांस ले और चलें इसलिए आज संविधान को इन भाजपायों से बचाने की आवश्यकता है । आगे कहा देश का निर्वाचन आयोग, लोकायुक्त हो यह फिर न्यायपालिका में न्यायाधीशों का मामला हो इसमें हस्तक्षेप कर नियुक्ति के प्रावधान बदल दिए गए यह सब अपने हिसाब से चुनाव मैनेज करने के लिए किया जा रहा है । महाराष्ट्र में मतदाता से ज्यादा वोट पड़े हैं आज हम देश में जब भी चुनाव होता है आम जनता ईव्हीएम शक को नजर से देखती हैं । रैली एवं सभा में काफी संख्या में जिले के कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मोबाइल दुकान में लाखों की चोरी का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- इनोवा कार से की थी वारदात

पुलिस को मोबाइल चोरी के एक बड़े मामले में बड़ी सफलता मिली है। सिटी कोतवाली और सायबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिक बालक भी शामिल है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए 17 मोबाइल फोन, चार्जर, केबल, यूएसबी पोर्ट और घटना में प्रयुक्त इनोवा वाहन बरामद किया गया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 6.40 लाख रुपये आंकी गई है।

**बस स्टैंड की दुकान को बनाया था निशाना-** घटना 23-24 मई 2025 की मध्यरात्रि की है, जब वार्ड क्रमांक 20 निवासी संजय साहू की मोबाइल दुकान वासुदेव मोबाइल शॉप एंड रिपेयरिंग सेंटर, बस स्टैंड बेमेतरा से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर 58 नग मोबाइल फोन, एसेसरीज़ व अन्य सामग्री चोरी कर ली थी। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत 4 लाख थी। मामले में सिटी कोतवाली बेमेतरा में धारा 331(4), 305(A) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

**मुखबिर की सूचना पर कबीरधाम से पकड़े गए आरोपी-** सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा की तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर 30 मई को कबीरधाम बस स्टैंड से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नसीम अहमद, पिता नफीस खान, उम्र 25 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 22, एकता चौक, कवर्धा, थाना कोतवाली, जिला कबीरधाम और सलमान खान, पिता सैजुद्दीन, उम्र 29 वर्ष, निवासी आदर्श नगर, वार्ड क्रमांक 5, कवर्धा, थाना कोतवाली, जिला कबीरधाम शामिल हैं। इनके साथ एक नाबालिक बालक भी शामिल है, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का ब्राम्हण समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



अखंड ब्राह्मण समाज बेमेतरा की महिला प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को भवानी रेस्टोरेंट में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रांतीय पदाधिकारी और जिले की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं।

समारोह की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक अलका तिवारी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भारती किरण शर्मा, संरक्षिका विजयलक्ष्मी शर्मा, निशा शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरिता शर्मा, उपाध्यक्ष प्रीति शुक्ला और प्रदेश महासचिव विभा तिवारी विशेष रूप से मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिन विद्यार्थियों को सम्मान मिला उनमें आदित्य तिवारी (97 प्रतिशत), प्रियांशु शर्मा (91.02 प्रतिशत), श्रेया तिवारी (90 प्रतिशत), सृष्टि चौबे (90 प्रतिशत) शामिल हैं। वहीं युवा सांसद सत्र में प्रतिनिधित्व करने के लिए साक्षी तिवारी को भी सम्मानित किया गया। रायपुर के सलीम स्कूल से आई पल्लवी तिवारी को भी सम्मान प्रदान किया गया।

इस दौरान निशा शर्मा द्वारा छात्रा अंशिका तिवारी को प्रोत्साहन स्वरूप नगद पुरस्कार भी दिया गया। साथ ही बेमेतरा महिला प्रकोष्ठ की नई पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए और कार्य विभाजन किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष भारती किरण शर्मा ने महिलाओं एवं बालिकाओं को समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। जिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती शारदा तिवारी, संरक्षिका सरोज चौबे और उमा तिवारी, उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अलका तिवारी और सचिव मीनाक्षी शर्मा को पदभार सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी शर्मा ने किया। इस अवसर पर करुणा तिवारी, निवेदिता तिवारी, शशि किरण तिवारी, कमलेश तिवारी, बीना शर्मा, अनु दुबे, श्वेता तिवारी, नीलू तिवारी, उषा दुबे सहित ब्राह्मण समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में समाज की ओर से सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## विवादित स्थल पर अटल चौक परिसर का निर्माण कार्य प्रारंभ, सीएमओ की मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर





छत्तीसगढ़ राज्य के शिल्पिकार एवं निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की स्मृति को सहेजने छत्तीसगढ़ राज्य के समग्र विकास में उनके योगदान को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय की सरकार ने अटल चौक परिसर निर्माण के लिए प्रत्येक नगर पंचायत को 20 लाख रुपए की राशि दी गई है। जिस जगह पर निर्माण कार्य चल रहा है इसका विरोध नगर वासियों में है। बता दें कि जिस जगह पर निर्माण कार्य चल रहा है अंधेरा होते ही पूरे बस स्टैंड परिसर में नशेड़ियों एवं सामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है इस आशय का पत्र के माध्यम से विगत दिनों नगर पंचायत उप अभियंता संजय मोटवानी को भी अवगत कराया जा चुका है , उसके बावजूद भी ढीठ रवैय्या अपनाते हुए इस स्थल पर निर्माण करवाने में नगर पंचायत प्रशासन आमादा है। इस संबंध में खेलावन , रामायण , महेश , राकेश एवं अन्य ने कहां की देश के सर्वोच्च पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का लोहा पूरी दुनिया मानती है। अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद भी पोखरण में परमाणु का सफल परीक्षण ▶▶| शेष पेज 12 पर

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

### खादी ग्रामोद्योग को सशक्त करने की दिशा में एक और सार्थक पहल

## देवरबीजा खादी उत्पादन केंद्र का अध्यक्ष ने निरीक्षण कर बुनकरों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- खादी बोर्ड अध्यक्ष राकेश पांडेय का देवरबीजा खादी उत्पादन केंद्र पहुंचे

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने शुक्रवार को बेमेतरा जिले के देवरबीजा स्थित खादी उत्पादन केंद्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र की कार्य प्रणाली , उत्पादन क्षमता तथा श्रमिकों की स्थिति का अवलोकन किया और वहाँ कार्यरत महिला कत्तिनों एवं बुनकरों से सीधा संवाद किया।

वर्तमान में इस केंद्र में कुल 129 महिला कत्तिन एवं 11 बुनकर समर्पण भाव से खादी वस्त्र निर्माण में संलग्न हैं। यह केंद्र ग्रामीण रोजगार, महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी उत्पादों के संवर्धन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है।

राकेश पांडेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प, तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में किया जा रहा है। खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि यह देश की संस्कृति, स्वावलंबन और स्वाभिमान का प्रतीक है।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि केंद्र को तकनीकी उन्नयन, डिज़ाइन नवाचार, प्रशिक्षण एवं विपणन के लिए खादी बोर्ड द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों से गुणवत्ता और नवाचार पर निरंतर ध्यान देने का आग्रह किया।

इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन के अधिकारीगण, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, खादी बोर्ड के अधिकारी ▶▶| शेष पेज 12 पर



#### सर्किट हाउस में हुआ आत्मीय स्वागत

देवरबीजा केंद्र के भ्रमण उपरांत राकेश पांडेय बेमेतरा सर्किट हाउस पहुँचे, जहाँ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिले की स्थानीय गतिविधियों एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकासधर दिवान, जिला पंचायत सदस्य प्रीतम चंदेल, राहुल टिकरिहा, मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, युवा मोर्चा प्रदेश सदस्य निशा चौबे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी रविंद्र छाबड़ा, प्रणीश रजक, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रणय दीवान सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
डायलिसीस
- सीआरएफ एवं एआरएफ के मरीजों की अत्याधुनिक फ्रेसिनियस की डायलिसीस मशीन द्वारा
- हिमोडायलिसीस
- पेरीटोनियल डायलिसीस
- सीएपीडी
- बच्चों की किडनी की बामारियों का ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुटे

किसान अपने खेतों की तैयारी के लिए जुट गए है। घरों के कवेलू और बियारा में रखे पैरे को भी कोठार में रखने की तैयारी कर रहे है। चार महीने मानसून के दौरान खेती की तैयारी शुरु कर रहे है। देश में 75 प्रतिशत किसान है। कर्ज माफी योजना और 3100 रुपये समर्थन मूल्य में अधिकांश किसानों को आर्थिक लाभ हुआ है। किसान खरीफ फसल लेने के पूर्व खेतों की तैयारी में जुट गए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद

मानसून के पूर्व किसान अपने खेतों की तैयारी बहुत पहले ही शुरु कर देते है, ताकि वर्षा हो और फसल लेने के लिए जुताई कर खेतों में बीज डाल सकें। खेत के पानी जाने वाले स्थानों पर प्लास्टिक बोरियों में मिट्टी भरकर रखना शुरु कर दिए है। बरसात के समय खेत में पानी रोकने के लिए इन्ही मिट्टी भरी बोरियों से खेत के पानी जाने वाले जगहों को बांधकर खेत में आसानी से पानी रोका जा सकता है। पाटन क्षेत्र के उन्नत कृषक खरीफ फसलों की खेती का खेतवार योजना बनाते, अपनें खेतों की स्थिति और मिट्टी के प्रकार के अनुसार, फसल एवं किस्मों का निर्धारण करते है। बीज, बीजोपचार दवा, जीवाणु खाद इत्यादि आदान सामाग्रियों की आवश्यक मात्रा का आंकलन कर, उनकी सूची बनाते है। स्वयं तैयार किया गया बीज ही बोते है, इसलिये थोड़े से रकबे में, लगभग एक एकड़ क्षेत्र में, आधार या प्रमाणित बीज बनाते है। कीमत में ये थोड़े महंगे जरूर होते है लेकिन इनकी गुणवत्ता बहुत ऊंचे दर्जे की होती है। इन बीजों से तैयार फसल स्वस्थ्य एवं ज्यादा पैदावार देने वाली होती है।



## जानवरों का समुचित प्रबंधन हो जाए तो, कृषि क्षेत्र में वरदान साबित

किसान अब ट्रेक्टर के माध्यम से घुरवा खाद भी खेतों में ले जाकर डालने लगे है। वहीं 4100 रुपये समर्थन मूल्य होने से छोटे, बड़े, मंझोले सभी किसान कृषि के क्षेत्र में एक बार फिर से खेती की ओर रुझान करने लगे है। लोगों ने जन चर्चा में बताया कि आगामी खरीफ फसल में सभी किसान अपने खेतों में फसल लेने तैयार नजर आ रहे है। गांवों में जानवरों का समुचित प्रबंधन हो जाए तो कृषि क्षेत्र में वरदान हो जायेगा और किसान निश्चित रुप से आर्थिक रुप से समृद्ध हो जायेगा।

## कृषक अप्रैल माह से खेती-कार्य में जुट जाते



समिति में कृषक अप्रैल माह से ही खाद बीज व नगद राशि का उठाव करना शुरु कर दिए है। किसानों को एक साथ सभी खाद व बीज मिल जाए इस प्रकार की व्यवस्था समिति द्वारा बनाई गई है। किसानों को सबसे अधिक बीज में 1001, आईआर 64, स्वर्णा ,1010 ,एचएमटी एवं खाद में यूरिया पोटाश डीएपी व राखड खाद पर्याप्त मात्रा में मिल जाए ऐसी व्यवस्था बनाकर किसानों को सहूलियत को ध्यान दिया गया है। डीएपी खाद के स्थान पर एनपी के खाद दिया जा रहा है। कुछ किसान डीएपी खाद समिति में आने का इंतजार कर रहे है और खाद की खरीदी समिति से अभी नहीं कर रहे है। किसानों ने बताया कि धान के लिए डीएपी खाद ही सही गुणवत्ता होती है और इससे फसल का उत्पादन सही आता है। सेलूद समिति के अंतर्गत किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम ढौर व पतोरा के गोदाम से सम्बन्धित गांव के किसानों को खाद बीज वितरण किया जा रहा है। उन गांवों के किसानों को खाद बीज मिलने से किसानों को सहुलियत होने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री से ढ़ाई लाख का सामान पार

**भिलाई।** फैक्ट्री से ढ़ाई लाख रुपए का सामान गार्ड अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 306 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मकान नबंर 22 प्लाट नबंर 17 नेहरू नगर पश्चिम सुपेला निवासी रितेश रायका का लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया 32 में रंजना इण्डस्ट्रीज के नाम से फैक्ट्री है। फैक्ट्री गार्ड रईस खान ने अन्य के साथ मिलकर कंपनी से पिग आयरन, प्लेट की कंटिग, मोटर चोरी कर फरार हो गया। फैक्ट्री में माह भर से रात ड्यूटी पर गार्ड रईस खान गार्ड करता था। 30 मई को कंपनी का सामान पिगआयरन, प्लेट की कंटिग, मोटर का साटेज होने पर सीसी कैमरा चेक किया गया।

### एसएसपी अग्रवाल ने लिया परेड की सलामी

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल शुक्रवार को पुलिस लाईन दुर्ग पहुंचकर जनरल परेड का सलामी ली। सलामी के बाद परेड में शामिल अधिकारी कर्मचारियों की वेशभूषा का निरीक्षण किया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने उत्तम वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। इसके बाद स्वान दल, बैंड पार्टी तथा शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया गया। कानून व्यवस्था स्थापित करने में उपयोगी वाहनों के रखरखावों का जायजा लिया। वाहनों को अच्छी कंडीशन में रखने की हिदायत भी दी गई। उत्कृष्ट विवेचना करने वाले विवेचकों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान सीएसपी हरीश पाटिल, डीएसपी चंद्र प्रकाश तिवारी,पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा, नीलकंठ वर्मा समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### फर्नीचर दुकान में चोरी खरीदार व दो पकड़ में

**भिलाई।** फर्नीचर दुकान में चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305, 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि शिवपुरी जामुल में फर्नीचर दुकान में 24 मई की रात को चोरी हुई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। जामुल पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि सतनाम भवन उडिया दुकान के पास घासीदास नगर जामुल निवासी हीरा सिंह उर्फ बौव्वा केवट को पकड़ा गया।

## सुशासन शिविर त्वरित समस्या निवारण का शानदार प्लेटफार्म, जनता भरपूर उठाएं लाभ : कीर्ति

# सुशासन तिहारः नए राशन कार्ड और जॉब कार्ड बने, 3095 आवेदन में 3081 निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭जामगांव आर

छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सुशासन त्यौहार के तहत भरर में शिविर का आयोजन गुरुवार को हुआ। ग्रामीणों की समस्याओं का व्यापक समाधान करते हुए 3095 आवेदनों में से 3081 का त्वरित निराकरण एसडीएम लवकेश ध्रुव एवं जनपद सीईओ जोगेंद्र साहू की उपस्थिति में किया गया। शिविर स्थल पर प्राप्त आवेदनों पर भी त्वरित कार्यवाही की गई। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान किया। जिसमें जॉब कार्ड, नवीन राशन कार्ड, दिव्यांग युवती को व्हीलचेयर, मछुवारा समूह को आइस किट, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र और पूर्ण आवास की चाबियों का आदि वितरण हुआ।



### विभागों ने सक्रियता के साथ निपटाए

विभिन्न विभागों के स्टॉल पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उन्हें इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, जिससे सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित हुए।

### शिविर में अधिकारी नेता समस्या निपटाने में सक्रिय रहे

शिविर में एसडीएम लवकेश ध्रुव, जनपद सीईओ जागेंद्र साहू, जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा,भाजयुमो नेता नारद साहू,जनपद सभापति रवि सिन्हा,जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर,प्रणव शर्मा,भरर सरपंच कोशिल्या छबिलाल साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू,पाटन मंडल अध्यक्ष रानी केशव बंछोर,पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू,मंडल कोषाध्यक्ष निर्मल जैन,पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयप्रकाश चंद्राकर,भगवान सिंह चंद्राकर,रूपसिंह सिन्हा,नारद साहू,बेनी राम साहू,दानी वर्मा,राजेश बंछोर,नरेश केला,अरुण चंद्राकर,अंगेश्वर साहू,कन्हैया लाल साहू,मुकेश साहू,विजय साहू,मोगन सपहा,जिनेश जैन,मुकुंद विश्वकर्मा, आदि मौजूद थे।

### सुशासन शिविर समस्या निवारण के लिए लाभदाई प्लेटफार्म

शिविर के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शिविरों का लगातार आयोजन छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। शिविर में विभागीय अधिकारी कर्मचारी सक्षम अधिकारी सभी एक ही स्थल पर उपलब्ध होते है साथ में जनप्रतिनिधि भी सहायता निगरानी के लिए उपलब्ध होते है। भरपूर लाभ आम जनता को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भरर आयोजित शिविर सफलता की कहानी बया कर रही है। जिला पंचायत जल मिशन सभापति कल्पना नारद साहू के मार्गदर्शन में मोर गांव मोर पानी जल संरक्षण का शपथ ग्रहण हुआ। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू की टीम सक्रिय रही।



### अमलेश्वर में जनसमस्या निवारण शिविर



**पाटन।** सुशासन तिहार के अवसर पर नगर पालिका परिषद अमलेश्वर द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए एक विशेष जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शासकीय प्राथमिक शाला, वार्ड-8 अमलेश्वर में संपन्न हुआ। इस शिविर में नपा अध्यक्ष दयानंद सोनकर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू सहित पालिका के वार्ड-8 के पार्षद डोमन यादव, वार्ड 9 की पार्षद मालती साहू, लेखनी साहू, भेजलाल सोनकर, हेमलाल साहू, सेवती निषाद, मीना रानी चेलक दीपक घिंघोड़े, राजू सोनकर तथा घनश्याम साहू जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। नगरवासियों ने भी शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। मौके पर ही कई मामलों का समाधान किया गया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

## मुख्यमंत्री साय शादी के वर्षगांठ की दी बधाई, लिया आशीर्वाद



**भिलाई।** रायपुर मुख्यमंत्री हाउस में जाकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय को वैवाहिक वर्षगांठ की दी बधाई, लिया आशीर्वाद।

### सुशासन तिहार का हुआ समापन, पालिकाध्यक्ष ने किया किट वितरण

## गर्भवती महिलाओं को मिला सुपोषण किट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन ग्राम सुरडुंग में स्थित मंगल भवन में था। यहां वार्ड 19-20 के वार्डवासियों की जनता के समस्याओं के निदान के लिए शिविर लगाया गया। शिविर के समापन में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को सुपोषण टुकनी वितरण किया। नपा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य शासन द्वारा आयोजन सुशासन तिहार के शिविर में विभाग को मिले आवेदनों को निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सीएमओ सीमा बख्शी व पालिका के कर्मी, अधिकारियों को शुभकमाएं भी देता हूं। पालिका में जनता की किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो उसे प्रमुखता से सुलझाया जाए। जिससे जनता को जल्द लाभ मिल सके। शिविर का समापन में आभार सीमओ सीमा बख्शी ने किया है। शिविर में जिला भाजपा महामंत्री प्रेमलाल साहू, विजेन्द्र सिंह विशेष रुप में मौजूद थे।



### सीएमओ ने सफाई का लिया जायजा

पालिका क्षेत्र के वार्डो की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने सीएमओ सीमा बख्शी पहुंची थी। इस दौरान सीएमओ ने वार्ड 8,11,12,13,14 के नालियों का प्रमुख निकासी नाला सफाई का निरीक्षण किया। वार्ड 10 में चल रहे सफाई कार्यों का जल्द से पूर्ण करने निर्देशित भी किया है। वार्ड 19,20 का सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया है। सीएमओ सीमा बख्शी ने कहा कि बारिश के पहले जामुल पालिका क्षेत्र की सफाई व्यवस्था बेहतर हो जिससे जल भराव की स्थिति यहां ना बने। इसके लिए सुपरवाइजरों को भी निर्देशित किया गया है।

## अंचल की खबरें

### श्रमदान कर मनाई अहिल्या बाई की जयंती



**उतई।** नगर पंचायत उतई में राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर लोगों ने श्रमदान कर धार्मिक स्थल, तालाब, कुआं, नलकूपों,चौक-चौराहों के आसपास साफ-सफाई की। राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की जीवन परिचय टेलीविजन के माध्यम से प्रसारण कर दिखाया गया। साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगे स्वच्छता दीदियों,स्वसहायता समूहों के सदस्यों का नगर पंचायत उतई के सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, रमशिला नेताम, शोभेंद्र सोनू राजपूत, राकेश साहू ,लक्ष्मी नारायण साहू,सतीश चंद्राकर,लता सोनवानी,भीमसेन सिंहा,विजय लक्ष्मी साहू,द्वारिका साहू,खूबी राम साहू,अनिता गढ़े,शिव ठाकुर,संगीत रजक,सुनीता चंद्राकर उप अभियंता आशीष कुमार भारती,सहायक राजस्व अधिकारी अंकालू राम साहू,नंदलाल चौधरी,बुधराम साहू,विनोद ध्रुव, डीकेस साहू,रविकांत सहित नगर पंचायत के सभी शासकीय एवं प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित थे।

### पूर्व गृहमंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक व पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महमरा, चंगोरी, बिरेझर, बिरेझर भांठा, थनौद, अंजोरा ख, सिलोदा, खपरी, रसमड़ा एवं पीपरछेड़ी में जनसम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी ली। साहू ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का चहुंमुखी विकास कांग्रेस पार्टी की देन है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विकास के लिए जो भी मांगें रखी गईं, पूर्व कांग्रेस सरकार में पूरी हुईं और क्षेत्र ने प्रगति के नए सोपान गढ़े। वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य रुक गए हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में कृषि मंडी से लगभग क्षेत्र में विभिन्न ग्राम पंचायत में स्कूल भवन, डोम शेड निर्माण कार्य, हाट बाजार शेड, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, सीसी सड़क निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों के लिए 300 करोड़ का काम स्वीकृत कराया गया, लेकिन वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा इसे निरस्त करवा दिया। जिसका टेंडर हो गया था जिसके बाद भी इन कार्यों को निरस्त कर दिया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाएं लागु कर हर वर्ग के लोगों लाभ पहुंचाने का काम हमारी सरकार ने किया था। इस अवसर अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,जनपद सदस्य प्यारी बाई निषाद,पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्रकार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू,सरपंच नर्मदा ठाकुर, मनसुख टांक, जनपद सदस्य किशोरी देशमुख, दामिनी साहू आदि मौजूद थे।

## पेज 11 के शेष...

### संविधान बचाओ रैली...

साथ जीने की आजादी देता है एक दूसरे के धर्मों का मान सम्मान के साथ जीने की आजादी देता है जो हमारे राष्ट का सामाजिक ताना-बाना है। उन्होंने कहा प्रशासनिक तथा संवैधानिक संस्थाएं जो संविधान निर्मित है जिसे छेड़छाड़ जहां किया जा रहा है वही संवैधानिक संस्थाएं हैं इन सभी को खोखला करने का काम भाजपा के द्वारा किया जा रहा है ।वर्तमान समय पर सभी संवैधानिक संस्थाओं चाहे वह न्यायालय हो चाहे वह स्वतंत्र जांच एजेंसियां हो अथवा शैक्षणिक संस्थाएं उन सभी में अपनी कट्टर और आरएसएस संघी विचारधारा को लागू करने के लिए इनमें फेरबदल किया जा रहा है, जहां फेर बदल नहीं कर पा रहे हैं वहां उसे खोखला करने की चेष्टा की जा रही है ।

**जिले की नदियों का सीना चीर कर रेत चोरी कर रहे भाजपाई : चौबे :** पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के ओजस्वी भाषण ने सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया उन्होंने जहां संविधान से छेड़खानी किए जाने से लेकर केंद्र सरकार ओर राज्य सरकार पर जहां जमकर हमला बोला वही स्थानीय मुद्दों पर भाजपा नेताओं को भी घेरते हुए कहा कि भाजपा के सत्ता पर आने के बाद भाजपाई लुट खसोट की नीति पर चल रहे हैं। जिले की जीवनदायनी शिवनाथ नदी का सीना चिर कर रेत की कालाबाजारी कर रहे। इन रेत चोरों की वजह से जिले का आम नागरिक पीने के पानी के लिए मोहताज हो रहा है। प्रशासन अंकुश लगाए अन्यथा आम जनता की मदद करने कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों उतरेंगे।

### मोबाइल दुकान में ...

जिसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**इनोवा कार से पहुंचे थे वारदात करनेः** पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रायपुर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में पैसों की तंगी के चलते बस स्टैंड बेमेतरा की मोबाइल दुकान को निशाना बनाया। वारदात में उन्होंने इनोवा वाहन (सीजी 04-डीजी-0349) का उपयोग किया।

**6.40 लाख का सामान बरामद, एक आरोपी फरारः** पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 एंड्रॉयड और 6 कीपैड मोबाइल, 9 चार्जर, 8 केबल, एक यूएसबी पोर्ट और 5 लाख की इनोवा कार जब्त की है। जब्त इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की कीमत लगभग 1.40 लाख है। इस मामले में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

**टीम को मिली बड़ी सफलताः** इस कार्रवाई में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, संतोष धीवर, जयकिशन साहू, पीलाराम साहू, विनोद सिंह और निरंजन वैष्णव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### विवादित स्थल पर...

कारगिल में विजय हासिल करना आदि अनेक कार्य से देश का नाम अंतरराष्ट्रीय फलक पर स्थापित किया विरोध के बावजूद भी यदि स्टैचू स्थापित होती है तो नगर पंचायत प्रशासन उसकी सुरक्षा में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करें। लोगों ने अंदेशा व्यक्त किया की भविष्य में असामाजिक तत्वों के द्वारा प्रतिमा को नुकसान या अशोभनीय कृत्य किया जा सकता है। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता माधव यादव का कहना है की अटल जी हमारे आदर्श पूजनीय एवं उसके प्रति श्रद्धा का भाव रखते हैं। ऐसे महान व्यक्ति का असम्मान स्थल पर प्रतिमा स्थापित करना सरासर गलत है इसे किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं ठहराया जा सकता निर्माण स्थल के निर्णय से मेरी भावना आहत हुई है। समय रहते नगर पंचायत यदि मामले की गंभीरता को नहीं समझा तो भविष्य में यह आक्रोश आंदोलन का रूप ले सकता है।

**रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गयाः** ध्यान रहे की 40 साल से काबिज 30 से 35 छोटे-छोटे दुकानदार को सड़क किनारे से नगर पंचायत अध्यक्ष राधेश्याम देवांगन के कार्यकाल में अतिक्रमण अभियान चलाकर बेदखल कर दिया गया था। इससे रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया। जिसमें तत्कालीन अध्यक्ष ने आश्वासन दिया था कि आप लोगों को नया बस स्टैंड में दुकान बनाकर व्यवस्थापित किया जाएगा। स्थिति यह है की तीन अध्यक्ष बदल गए लेकिन उनकी समस्या ज्यों के त्यों बनी हुई है। पीड़ित दुकानदार आज भी यह चाहते हैं की व्यापारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण नया बस स्टैंड में नगर पंचायत दुकान बनाकर हमें दें।

**परिषद में प्रस्ताव कर स्थल चयन : सीएमओ :** विवादित स्थल में बना रहे अटल चौक परिसर के निर्माण स्थल को बदलने के सवाल पर सीएमओ का स्पष्ट कहना है की परिषद में उक्त स्थल का चयन कर प्रस्ताव के बाद ही अटल चौक का निर्माण हो रहा है अतः हम इसमें कुछ भी नहीं कर सकते वर्तमान में निर्माण कार्य प्रारम्भ है स्थल परिवर्तन करना असंभव है।

**पूर्व प्रस्ताव पर सीएमओ कब करेंगे अमल :** एक तरफ सीएमओ प्रस्ताव का हवाला देते हुए स्थल परिवर्तन होना असंभव कह रहे है तो वही पूर्व अध्यक्ष पन्नालाल जैन के कार्यकाल वर्ष 2015 में मुख्य मार्ग पर संचालित चिकन मटन दुकान को डेहरी रोड में मटन मार्केट के लिए जगह प्रस्तावित किया गया था जिसमें पंचायत मद से लाखों रुपए की राशि खर्च कर भूमि को समतल करने के लिए मुरूम बिछाया गया था लेकिन उस जगह पर आज तक प्रस्तावित मटन मार्केट नहीं बन पाया है। नगर पंचायत देवकर में और भी सड़क मार्ग पर नगर पंचायत की बेशकीमती जमीन है जिसमें आज तक कोई योजना नहीं बनाई गई है इससे बेशकीमती जमीन का कुछ धनपति व्यापारी लोग उपयोग में ला रहे हैं। इस कृत्य से नगर पंचायत का गरीबों के प्रति सौतेलापन एवं अमीरों के प्रति दोस्ताना पन jका दृश्य परिलक्षित होता है।

### देवरबीजा खादी उत्पादन...

एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महिला कर्मियों एवं बुनकरों ने राकेश पांडेय से अपने अनुभव साझा किए और शासन की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खादी बोर्ड, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप, प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित कर स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देवरबीजा खादी उत्पादन केंद्र इसी संकल्प का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# बेमेतरा जिले से चार नवाचारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवाचारी गतिविधियाँ समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है। इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन 29 मई 2025 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर सह एससीईआरटी में आयोजित हुआ। जिसमे पूरे छ्त्तीसगढ़ से 155 शिक्षक/शिक्षिकाओ का सम्मान हुआ। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जे पी रथ अपर संचालक एससीईआरटी, डॉ बी रघु सहायक संचालक एससीईआरटी, बी एल देवांगन डाईट प्राचार्य, डा एस के जैन डाईट रायपुर, के के साहू डाईट रायपुर, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थति रहे। इस भव्य कार्यक्रम में बेमेतरा जिला के चार नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। इसमें विकास खंड बेमेतरा से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी से देवेंद्र कुमार साहू, विकासखंड नवागढ़ से शासकीय प्राथमिक शाला घठोली की नवाचारी शिक्षिका यामिनी बर्मन, विकासखंड बेरला से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवनारा की नवाचारी शिक्षिका अंजुम खान, विलासखंड साजा से शासकीय प्राथमिक शाला गर्रा की नवाचारी शिक्षिका अर्पणा शर्मा को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रमाण पत्र, मेमोंटो, पेन भेंट कर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित अन्य राज्यों के शिक्षकों को डाक पते पर पुरूस्कार सामग्री पोस्ट की जायेगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित कोरबा जिला टीम से जगजीवन कैवर्त्य श्रीकांत सिंह एवं अजय कोशले आदि का सतत सहयोग प्राप्त हुआ।

इस समूह से जुड़े सभी टीम मेंबर शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक है जो सरकारी विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए आपस में जुड़कर अतिरिक्त प्रयास कर रहे है। ये 2017 से लगातार प्रयासरत है एवं पिछले 4 वर्षो से लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है। इस कार्यक्रम की पूरी योजना, क्रियान्वयन, संचालन एवं समस्त व्यय इन शिक्षको द्वारा ही किया जाता रहा है। समूह प्रमुख एवं जिला टीम ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन 2024 में होना था। पर स्थानीय चुनाव के चलते इसे आगे बढ़ाया गया था। इसमें कई चरणों के बाद अवार्ड के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों का चयन हुआ है। सर्वप्रथम इसके लिए वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया गया। पूरे देश से 700+ से भी ज्यादा नॉमिनेशन प्राप्त हुए जिसको स्कूटनी एवं शॉर्टलिस्ट कर चयन समिति द्वारा संबंधित शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया एवं सबंधित से उनके कार्यो के प्रमाण में दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेजों का उच्च चयन समिति एवं जिला टीम के प्रमाणीकरण के पश्चात चयन सूची जारी किया है। जिसमें ग्राउंड लेवल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हैं। जिनको राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024-25 से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का हुआ भव्य आयोजन



## खबर संक्षेप

### संविधान बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस की पदयात्रा

नवागढ़। जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा शुक्रवार को संविधान बचाओ अभियान के तहत पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ की टीम ने भी भाग लिया। भारत माता चौक से गांधी चौक तक निकाली गई पदयात्रा में कार्यकर्ताओं ने संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों को बचाने का आह्वान किया। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर संविधान विरोधी ताक़तों के खिलाफ नारेबाजी की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के अध्यक्ष रामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष संजीव पिंटू अनंत, प्रभारी महामंत्री खेमन टंडन, महामंत्री दिनेश तिवारी, दद्दू मार्कण्डेय, तोपसिंह साहू, रामनीहोरा सेन, महासचिव मोहित गर्ग, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष, घनश्याम साहू, भजन बंजारे, अमरदास, मनीष परिहार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जामुल तोड़ते समय युवक पेड़ से गिरा, मौत

**भिलाई।** जामुल पेड में चढ़ा युवक अचानक गिरने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सुपेला निवासी राकेश गुप्ता 35 वर्ष सेक्टर 6 सड़क 31 में स्थित जामुल पेड है। जहां राकेश जामुल तोड़ने के लिए पेड पर चढ़ा हुआ था। अचानक पेड से गिरने से मौत हो गई।

## विधायक ने सीसी सड़कों के निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा

# बहेरा समाधान शिविर में 2388 में से 2379 आवेदनों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन तिहार के अंतिम दिवस पर बेमेतरा जनपद के ग्राम बहेरा में जिले का अंतिम समाधान शिविर संपन्न हुआ । शिविर में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप के तौर पर शामिल हुए । शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्राम स्तर पर क्रियान्वित करते हुए प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी संबंधित आवेदनकर्ताओं के साथ ग्रामीणों को देना भी था ।,

ग्राम बहेरा सहित क्लस्टर की 9 ग्राम पंचायतों—केंवाछी, बहेरा का, सिरवाबांधा, भुरकी, गांगपुर ब, लोलेसरा, बैजी, चारभांठा, ढोलिया—के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। शिविर में कुल 2388 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2379 का निराकरण किया गया, जो प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का प्रमाण है। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ भी वितरित किए गए। इनमें आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं को पासबुक वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्ग महिलाओं को श्रवण यंत्र, मोची पेटी, जैसी सुविधाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का विधायक साहू ने निरीक्षण किया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार किसानों और महिलाओं के हित में ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। धान की खरीदी 3100 प्रति क्विंटल दर से की गई, जबकि "महतारी वंदन योजना" के माध्यम से महिलाओं को 1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता सीधे खातों में दी जा रही है। साथ ही लंबित बोनस की राशि भी किसानों को वितरित की जा चुकी है । शिविर के दौरान बहेरा ग्राम पंचायत की मांग पर विधायक साहू ने दो सीसी सड़कों के निर्माण हेतु 10 लाख की घोषणा करते हुए कहा कि हमारी सरकार जनहित के लिए प्रतिबद्ध है और आपकी सभी मांगों को पूरा करने हेतु संकल्पित है।

समारोह के अंत में विधायक साहू ने तंबाकू रहित दिवस के अवसर पर उपस्थित नागरिकों को तंबाकू न सेवन करने की शपथ दिलाई और नशामुक्त स्वस्थ समाज की दिशा में जागरूक किया।

हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ



### जनसेवा के इस अभियान ने जनविश्वास का मजबूत सेतु बनाया : कलेक्टर

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने सुशासन तिहार 2025 के समाधान शिविर के अंतिम दिवस पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, पूरे एक माह तक जिले के ग्रामीण अंचलों में आयोजित समाधान शिविरों के माध्यम से हजारों नागरिकों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। हमने न केवल समस्याएं सुनीं, बल्कि उनके समाधान भी सुनिश्चित किए। बहेरा में आयोजित यह अंतिम शिविर 'जनता के पास प्रशासन' की भावना को साकार करता है। आज का शिविर इस अभियान की सफल परिणति है, और यह बताता है कि शासन व प्रशासन जनसेवा के लिए सतत रूप से प्रतिबद्ध है। शिविर में अध्यक्ष,छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड प्रहलाद रजक, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल,राजेंद्र शर्मा, जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर, जनपद सदस्य मिथलेश वर्मा, सरपंच भीम वर्मा, गजानंद साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, तहसीलदार जयंत पाटले, जनपद सीईओ सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नल जल योजना का काम पूरा फिर भी नहीं पहुंचा रहा पानी, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग साजा (पीएचई) के ब्लॉक बेरला के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघौरी में नल जल योजना अंतर्गत गांव में पाइपलाइन बिछाया गया है। लेकिन अब तक सालों से कई घरों तक पानी नहीं पहुँच पाए है। जिनके कारण ग्रामीण दूसरे के घर बोर से पानी लेने को मजबूर हो गया है। बता दें कि ग्राम सिंघौरी में जल शोधन संयंत्र प्लांट लगा हुआ है। इसके बावजूद आज भी ग्रामीण पानी के लिए तरसना सवालिया खड़ा कर रहे है। इसमें पीएचई विभाग साजा की उदासीनता हो या फिर देख रेख के अभाव में ग्रामीणों को पानी के लिए दरबदर भटकना मजबूरी। आप अंदाजा लगा सकते है कि सालो पहले यही स्थिति बना होने के बाद भी विभाग इस समस्या पर कोई रुचि नहीं दिखाई दी। बीते दिनों में गर्मी के चलते क्षेत्र में पानी की किल्लत से हर गांव बून्द बून्द को तरस रहे थे। अब भी कई गांव में वाटर लेबल डाउन होने के कारण दूर-दूर से पानी ला कर अपना जीवन यापन कर रहे है। लिहाजा ग्राम पंचायत सिंघौरी में यह स्थिति बन भी गया था। लोग एक-दो किलोमीटर से पानी ला रहे थे। इस समस्या को बेमेतरा विधायक दीपेश साहू को बताया गया। जिन्होंने टेंकर भेजने का आश्वासन दिया लेकिन अब तक गांव में पानी टेंकर नहीं पहुंचे।

- बेरला की ग्राम पंचायत सिंघौरी में योजना का नहीं मिल रहा लाभ

गौरतलब है कि ब्लॉक बेरला के क्षेत्र ग्राम सिंघौरी में नल जल योजना फेल होते नजर आ रहे है। गांव में पाइप बिछ जाने के बावजूद पानी की सप्लाई नहीं हुई। जल जीवन मिशन यानी हर घर नल से जल पहुंचाने की योजना पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर पा रही है। इसी के चलते ग्रामीण पानी की समस्या से आज भी जूझ रहे है। जिससे ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है।

**जवाब नहीं मिला-** जल शोधन संयंत्र सिंघौरी एसडीओ अनिल कुमार लोनारे को दूरभाषा के माध्यम से संपर्क करने पर अक्सर उनके द्वारा कोई जवाब नहीं मिलते।

## धर्मांतरण मामले में पुलिस ने तीन युवक और पांच महिलाओं को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



धर्मांतरण के आरोप को लेकर पुलिस ने 9 पर पुलिस ने कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 29 मई को रायपुर नाका दुर्ग निवासी मधु तांडी के निवास पर रात 10.15 बजे मसीह समाज के लोग पास्टर ममता दीक्षित, रिबैरो विलियम्स, सुमन दीप, नीता बघेल, देवंती बघेल, बिन्नी तांडी, सतन दीप, राजेश पटेल सभी मिलकर प्रेयर कर रहे थे। जबकि राजेश पटेल हिंदू परिवार से है। उसके घर में आकर मसीह समाज के लोगों ने प्रेयर कर भजन कीर्तन कर रहे थे। परिजनों को मसीह धर्म परिवर्तन करने पर परेशानी नहीं होने की बात कहते रहे। पुलिस ने रायपुर नाका चर्च के पास दुर्ग थाना पद्मनाभपुर निवासी मधु टांडी उम्र 35 वर्ष, सेक्टर 7, विलियम 36 वर्ष, खंडेलवाल कॉलोनी दुर्ग, ममता कुमारी 50 वर्ष रायपुर नाका वार्ड 47 दुर्ग, राजेश पटेल 35 वर्ष, शुभम दीप, हुडको नीता बघेल 40 वर्ष, रायपुर नाका बिनी टांडी 30 वर्ष, सपन दीप 42 वर्ष , हुडको देवंती बघेल को पकड़ा गया। इन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

- आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेजा गया जेल

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की शुरूआत अहिल्या ने 300 वर्ष पहले की: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महिलाओं के लिए गुणात्मक व्यापार और उन्हें शिक्षा से जोड़ने अहिल्या बाई होलकर ने तीन सौ वर्ष पहले की थी। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम के सभागार में कही। देवी अहिल्या बाई होलकर जयंती सम्मान समारोह में वें शामिल हुए स्वच्छता दीदी और निगम में उतकृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों का सम्मान महापौर शशि सिन्हा और विधायक ललित चंद्राकर ने किया।

- स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि मंच पर महिलाओं का सम्मान एक प्रतीक है। असल में हम सभी मातृशक्ति का सम्मान करते है। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर द्वारा किए कार्यो को अनुकरणीय कहा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि अहिल्या देवी सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार में जन्म लेकर एक कुशल न्याय प्रिय शासक की भूमिका और महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यो को महत्वपूर्ण निरूपित किया। साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सैन्य अधिकारी के कार्यो को रेखांकित किया। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद माया यादव, शीला नारखेड़े, रमा साहू ने भी संबोधित किया। मौके पर एमआईसी जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, संजू नेताम, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, सारिका साहू, सरिता देवांगन, राहुल राय, अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।



### नारी सम्मान हर दिन हो

सम्मान समारोह में रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने कहा नारी शक्ति का प्रतीक है। सम्मान प्रत्येक दिन हो। उन्होंने नारी की शक्ति को देवी रूप निरूपित की। अपने उद्बोधन में उन्होने सम्मानित होने वाली कर्मियों को बधाई दी।

### इनका हुआ सम्मान

एस.एल.आर.एम. सेंटर रूआबांधा की सुपरवाइजर माधुरी, डुण्डेरा पूजा यादव, सिटी मिशन प्रबंधक अरूणा धृतलहरे, संपत्तिकर विभाग वर्षा देशमुख, लोनिवि की मंगा रेड्डी, पेंशन शाखा की निशु रजक व जल कार्य विभाग की कविता साहू शामिल है।

## रानी अहिल्याबाई की जयंती पर विशेष सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 17 के गौरव पथ मार्ग से प्रारंभ हुआ। अभियान के तहत सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों की विशेष सफाई की गई, कचरा उठवाया गया और नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई नारी शक्ति की प्रतीक थीं। वे सेवा, धार्मिक आस्था और जनकल्याण की भावना से ओतप्रोत रहीं। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि जब नागरिक जागरूक होंगे, तभी नगर स्वच्छ और सुंदर बन सकेगा।

श्री सिन्हा ने बताया कि उनके कार्यकाल की पहली प्राथमिकता नगर की स्वच्छता रही है। नगर पालिका की टीम नियमित रूप से सफाई कार्य में जुटी रहती है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, पार्षद पंचू साहू, गौरव साहू, आनंद साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश यादव, स्वच्छता प्रभारी राकेश साहू, सफाई नायक मंगलू राम, सफाई कर्मचारी रेखा साहू, नीलम वर्मा, सोनू कुर्रे, भोलाराम, राहुल साहू, कविता बघेल, हेमलता सिन्हा सहित बड़ी संख्या में नगर पालिका कर्मचारी, पार्षदगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## नि:स्वार्थ सेवाभाव से नशे की समस्या को जड़ से मिटाई जा सकती है : महेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



समाधान महाविद्यालय में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में बेमेतरा जिले के समाजसेवी ताराचंद महेश्वरी रहें। उन्होंने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि नशा आज पूरे विश्व की समस्या बन चुका है। नशा नाश की जड़ है, जिसे निःस्वार्थ सेवाभाव से जड़ से दूर किया जा सकता हैं। हमें नशा मुक्ति के आंदोलन में भाग लेकर नशें की समस्या का समाधान करने में भागीदारी जरूर करनी चाहिए। दुर्घटना व अपराध बढ़ानें की प्रवृत्ति में नशा मुख्य समस्या के रूप में उभरा है। हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम स्वयं नशा ना करें व आस-पास नशा करने वाले लोगों को रोकें । चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्य प्रफुल्ल शर्मा रहें। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी बड़े पद में जाए, लेकिन नशा के खिलाफ रहना हमारा मूल कर्तव्य हैं। नशा से हमें किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं होता है बल्कि शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से नुकसान ही पहुंचाता हैं। सहायक प्राध्यापक पीतांबर झा ने कहा कि जीवन में प्रकाश लाने के लिए एक चिंगारी ही पर्याप्त हैं। नशे की समस्या को दूर करना जनमानस की मुख्य जिम्मेदारी हैं। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत ने कहा कि नशा धीरे-धीरे परिवार, समाज,राष्ट्र व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की समस्या बन चुका हैं। इस समस्या का निदान केवल आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मानने से ही पूर्ण नहीं होगा बल्कि हमें प्रतिदिन इस समस्या के प्रति जागरूक रहना है। नशे से न केवल हमारा स्वयं का नुकसान होता है बल्कि आसपास का वातावरण भी उसे पूर्णता प्रभावित होता हैं। विद्यार्थियों ने ताराचंद महेश्वरी से प्रश्न पूछे। कबीर सिंह ने पूछा कि बच्चे नशे की प्रवृत्ति का शिकार हो जाते हैं तथा बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। उनके लिए हम क्या करें? महेश्वरी जी ने जवाब दिया कि ऐसे बच्चों के लिए हम 7 से 15 दिन का कोर्स करवाते हैं तथा उनकी पूर्ण रूप से काउंसलिंग करते हैं। उन्हें यह समझाने का प्रयास किया जाता है की नशा से मानव, दानव बन जाता है व उसे एहसास दिलाया जाता है कि नशा से केवल नुकसान ही झेलना पड़ता हैं। उसे नशा न करने का संकल्प दिलाकर श्रेष्ठ इंसान बनाने का प्रयास किया जाता हैं ताकि वह खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके। इस उपलक्ष्य में समर कैंप के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति से संबंधित पेंटिंग भी बनाया गया। अंत में एक सुंदर कविता के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। अतिथि को महाविद्यालय की डायरी से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन सहायक प्राध्यापिका संगीता अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी एवं समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ जी. डी. मानिकपुरी, रूपेंद्र डहरिया, विनीता अग्रवाल, राजेंद्र वर्मा, अंशु दत्ता, शुभम गजभिये, तुकाराम जोशी, हुतेन्द्र कुमार सिन्हा, रेशमा पटेल व जोगेंद्र साहू सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नपं अध्यक्ष सिहोरे ने वार्ड दस का किया निरीक्षण

**देवकर।** नगर पंचायत देवकर के वार्ड नंबर 10 का विगत दिनों नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने वार्ड वासियों के बीच पहुंचकर समस्या जानी। आगे कुछ दिनों के बाद बरसात का मौसम लगने वाला है इस हिसाब से पानी निकासी की व्यवस्था एवं पानी बिजली व्यवस्था का भी जायजा लिया। जिसमें व्यवस्था संतोषजनक पाया गया इसे और बेहतर तरीके से कैसे सुधारा जाए इस पर चर्चा कर कार्य योजना बनाई जाएगी की बात अध्यक्ष के द्वारा कही गई। इस दौरान विशेष रूप से वार्ड में ही स्थित लोकबंधी तालाब में फैले जलकुंभी की सफाई व्याप्त गंदगी की ओर अध्यक्ष का लोगों के द्वारा ध्यान आकर्षित कराया गया जिस पर मौका में पहुंचकर तालाब का मुआयना किया गया। लोगों की मांग थी की तालाब में गंदगी जलकुंभी को दूर किया जाए ताकि तालाब निस्तारी के काम आए अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाया की बहुत जल्द बरसात के पहले नगर पंचायत प्रशासन के सहयोग से एवं जन बल से तालाब को गंदगी मुक्त कर निस्तार लायक बना जाएगा। बता दें कि डीहपारा जनसंख्या में नगर पंचायत का सबसे बड़ा वार्ड है एवं इससे लगे दो वार्ड के लोग जिसमें मुख्यतः कृषि कार्य से जुड़े हुए लोग निवास करते हैं वह भी लोक बंधी तालाब का दैनिक क्रिया में उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे के साथ संबंधित वार्ड के पार्षद एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।



# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

International Dimension in Schools 2022-25 | FIT INDIA | SCHOOL INNOVATION COUNCIL | MCB MY CLASSBOARD

## कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा 2025-26 Congratulations

## 1. SHAKUNTALA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RAM NAGAR, BHILAI



## 2. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RISALI SECTOR, BHILAI



## 3. SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2

Affiliated to CGBSE, Ram Nagar, Bhilai

ENGLISH & HINDI MED. HR, SEC, SCHOOL ( IX TO XII )

## 4. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CGBSE, Vaishali Nagar, Bhilai

ENGLISH MEDIUM SCHOOL ( KG-1 TO VIII )

## 5. Shakuntala Devi Sangeet Nritya Evam Kala Kendra

Affiliated to IKSVV, Khairagarh

★Singing ★Kathak
★Tabla ★Bharatanatyam
★Geetanjali ★Chitrakala

FROM CLASS 5 ONWARDS
TIMING 05:00 PM TO 07:00 PM



Office: Shakuntala Vidyalaya Parishar, Ram Nagar, Bhilai

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

ARPIT SAHU 96.6%
SRIJAN DEWANGAN 95.2%
ADITI MISHRA 94.4%
ROSHAN CHOUDHARY 93.8%
PAKHI MAHESHWARI 93.2%
VIDYA SAO 91.4%
MUSKAN SAO 90.8%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

MAYANK KUMAR OJHA 97.6%
SHWETA SINGH 95.4%
SABIYA PARVEEN 95%
AMRITA SAO 94%
AACHAL KUMARI SAO 93.8%
RAJVEER SAO 93.4%
TEJESHWI PRASAD SINHA 92.8%
ANURAG SAHU 92.6%
SIDDHI BAGHEL 92.6%
SHUBHAM KUMAR SAO 92.4%
KAANCHAN MALA SANDEY 92.4%
P POOJITA 92.2%
ADARSH KUMAR SINGH 92%
AYUSH NAGVANSHI 91.6%
CHIEF HAVGE 90.8%
PANKHURI SINGH 90.2%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

YOGITA 97%
RIYA KURREY 92.6%
TAHZEEB RAZVIYA 90.6%
AYESHA IQBAL ANSARI 90.2%
PIYUSH VERMA 89.8%
VIDHI VISHWAKARMA 89.6%
RITESH DEWANGAN 89.4%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

SHOURYA KUMAR SAHU 97.6%
ANKIT DEWANGAN 97.2%
SAZINA NAWAZ 96.8%
ASHMIKI DWIVEDI 95%
SAMRIDHI SHARMA 94.6%
TEJAS SAHU 93.6%
BHAVYA DEWANGAN 93%
SHREYA MAHAPATRA 92.8%
ANISH KUMAR DEWANGAN 92.8%
SAMEER PATEL 92%
SHIVANGI VISHWAKARMA 91.8%
PRACHI JALKSHATRIYA 91.6%
DIVYANSH SINGH 91%
DRISHTI DEWANGAN 90.6%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2 CLASS 12TH TOPPERS

NIDHI PATEL 92%
GARGI CHANDRAKAR 91.6%
NAMRATA PATEL 91.4%
JAYA SINHA 89.6%
KAMALDAS MANIKPURI 89.4%
SANIYA SAO 89.2%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO.2 CLASS 10TH TOPPERS

YOGENDRA KUMAR JANGHEL 95%
HARSHITA BHASKAR 92.8%
TANISHA NAG 92.3%
MAHI BANJARA 91.8%
PRIYA PAL 91.3%
THANSING VERMA 90.6%

## SCHOOL FACILITIES


1. Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
2. Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
3. Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
4. Seperate Hostel facilities for boys and girls
5. Science, Commerce, Humanities (Arts) streams available
6. Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
7. State of the art AV room & Music room
8. 24x7 Power Supply Via Genset
9. Air Conditioned auditorium

Deepak Advertisers

## 6. SHAKUNTALA GURUKUL (Hostel)

Home away from Home... घर से दूर.. एक घर ll

Ram Nagar Bhilai



**Hostel Room**-Air condition for boys and girls seperate
**Mess**-Tea, Breakfast, Lunch, evening snacks, Dinner, Milk & egg
**Coaching**-School Coaching (Free of Cost) Distance Coaching (payable) with Transportation facility
**Library**-Evening Time
**Entertainment**-Movies-Auditorium (Hall) Air conditioned
**Outing**- Twice in a month, Canteen (Tuck Shop)
**Birthday Celebration**-Separate Facility for Boys and Girls
**Geyser facility** (in winter season)
**24X7 Electricity available through generator**
**Laundry facility available, Medical facility available**

1. 0788 4033217 | 2. 0788 2265810 | 3. 0788-2295357 | 4. 0788-4033623 | 5. 8770401823 | 6. 8839982041